# जुगसलाई नगर परिषद ने दोबारा नंबर वन बनने के लिए किया प्रयास तेज

## सिटीजन फीडबैक के लिए वोट फॉर योर सिटी कैंपेन का आयोजन

### कैंपेन के लिए डिजिटल माध्यम का किया जा रहा है इस्तेमाल

## जुगसलाई नगर परिषद : स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए लिया जा रहा फीडबैक



**जमशेदपुर:** स्वच्छ भारत आभियान शहरी (2.0) के स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत जुगसलाई नगर परिषद् द्वारा नागरिकों से सिटीजन फीडबैक के लिए वोट फॉर योर सिटी कैंपेन चलाया जा रहा है. फीडबैक देने के लिए पांच तरीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है. इसके तहत जुगसलाई नगर परिषद् द्वारा जगह जगह शिविर लगाकर फीडबैक लिया जा रहा है. लोग गूगल लेंस से स्कैन कर आसान सवालों के जवाब देकर अपना फीडबैक सबमिट कर सकते हैं. बतौर कार्यपालक पदाधिकारी जगदीश प्रसाद ने बताया कि जुगसलाई नगर परिषद् को विगत दो वर्षों से पॉपुलेशन कैटेगरी में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हो रहा है. साथ ही क्षेत्र को और अधिक साफ सुथरा बनाने हेतू भरसक प्रयास किया जा रहा. उन्होंने कहा कि वोट फॉर योर सिटी कैंपेन सभी आवासीय स्थलों, व्यवसायिक एवं सार्वजनि... सं... फ...

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

**जुगसलाई नप** | सिटीजन फीडबैक व 'वोट फॉर योर सिटी' को लेकर चला अभियान

## आप ऑनलाइन वोट डालकर जुगसलाई नगर परिषद को बना सकते हैं नंबर वन

मुख्य संवाददाता, जमशेदपुर

भारत सरकार स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत जुगसलाई नगर परिषद में रहने वाले आम लोग सिटीजन फीडबैक को लेकर वोट डाल सकते हैं. आपके वोट डालने से जुगसलाई देश भर के निकाय में स्थान तय करेगा. जागरूकता से ही जुगसलाई नगर परिषद नंबर वन स्थान हासिल भी कर सकता है. इस बाबत गुरुवार को जुगसलाई नगर परिषद प्रशासन ने 'वोट फॉर योर सिटी' का अभियान चलाया.

इधर गुरुवार को जुगसलाई नगर परिषद के बतौर कार्यपालक पदाधिकारी ... कि जुगसलाई नप ... 50 हजार ... प्रथम ... द ... थुरा



**फीडबैक की विधि**

- सबसे पहले पांच माध्यम में से कोई एक माध्यम चुने.
- अब राज्य, जिला व शहर का नाम भरें.
- अपने लोकेशन का नाम, उम्र, मोबाइल नंबर डालें.
- अब उपलब्ध प्रश्नों के उत्तर दें.
- अपने फोन में आये ओटीपी डाल कर अपना फीडबैक को सबमिट करें.

बनाने प्रयास किया जा रहा. 'वोट फॉर योर सिटी' अभियान सभी आवासीय स्थलों, व्यावसायिक, सार्वजनिक स्थलों, स्कूल एवं निजी संस्थानों में भी चलाया जा रहा है. जुगसलाई को पुनः नंबर वन बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा फीडबैक देने की अपील जुगसलाइवासियों से की है.

**ऐसे सबमिट करें फीडबैक**

- नागरिक द्वारा पांच तरीकों से फीडबैक दिया जा सकता है
- 'वोट फॉर योर सिटी' एप, स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 लिंक द्वारा 'माइ जीओवी' एप डाउनलोड करें, फिर 1969 नंबर पर कॉल करें.

सिटीजन फीडबैक के लिए ये हैं लिंक

1.https://ss-cf.sbmurban.org/#/feedback

2.https://play.google.com/store/apps/details?id=com.ss2021vfc

इसके अलावा जुगसलाई नगर परिषद द्वारा क्यू आर कोड भी जगह-जगह लगा कर फीडबैक लिया जा रहा है. नागरिकों द्वारा गूगल लेंस से क्यू आर कोड स्कैन कर आसान सवालों के जवाब देकर अपना फीडबैक सबमिट कर सकते हैं.

## जुगसलाई के नागरिकों ने दिया सिटीजन फीडबैक

**स्वच्छ सर्वेक्षण**

जमशेदपुर, वरीय संवाददाता। स्वच्छ भारत आभियान शहरी के स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत जुगसलाई नगर परिषद की ओर से गुरुवार को नागरिकों से सिटीजन फीडबैक के लिए वोट फॉर योर सिटी कैंपेन चलाया गया।

जुगसलाई नगर परिषद द्वारा जुगसलाई शहर को दोबारा नंबर वन बनाने के लिए नागरिकों से फीडबैक लेने के लिए वोट फॉर योर सिटी कैंपेन वार्ड स्तर पर चलाने का निर्देश दिया गया है। वोट फॉर योर सिटी एप, स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 लिंक, माई जीओवी एप, 1969 नंबर पर कॉल कर, स्वच्छता महुआ एप द्वारा सिटीजन फीडबैक https://ss-cf.sbmurban.org.feedback के माध्यम से भी फीडबैक दिया जा सकता है। इसके साथ ही जुगसलाई नगर परिषद द्वारा क्यूआर कोड भी जगह जगह लगा कर फीडबैक लिया जा रहा है।



जुगसलाई में गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण पर फीडबैक देते स्थानीय लोग।